जब भी आवाज लगाएगा तेरा खाटूवाला आएगा लिरिक्स

दुनिया छोड़ेगी हाथ मगर,
वो छोड़ तुझे ना जायेगा,
जब भी आवाज लगाएगा,
तेरा खाटूवाला आएगा।bd।

तर्ज – हम लाख छुपाए प्यार मगर।
इसी तर्ज पे – जब इस दुनिया के धोखों से।

है साथ तेरे एहसास तो कर,
एक बार सही विश्वास तो कर,
तेरी आस पुराने आएगा,
सच्चे दिल से अरदास तो कर,
रिश्ते नाते सब टूटेंगे,
तो श्याम ही साथ निभाएगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा,
तेरा खाटूवाला आएगा।bd।

क्यों है उदास क्या कारण है,
बाबा के पास निवारण है,
तू श्याम से मन की बतला ले,
एक श्याम ही तारण हारण है,
सूनी राहों को रोशन कर के,
श्याम उजाला लाएगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा,
तेरा खाटूवाला आएगा।bd।

जो खोया है कब तेरा था,
जो पाया है वो तेरा है,
जितना भी दिया है बाबा ने,
उसमे ही रेन बसेरा है,
होंगे जैसे भी भाव तेरे,
वैसा ही 'सचिन' तू पायेगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा,
तेरा खाटूवाला आएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दुनिया छोड़ेगी हाथ मगर,
वो छोड़ तुझे ना जायेगा,
जब भी आवाज लगाएगा,
तेरा खाटूवाला आएगा।bd।

Singer – Mamta Bihani

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com